# 05

# कांग्रेस प्रणाली और चुनौतियां एवं कांग्रेस की पुनर्स्थापना

## सीखने के प्रतिफल

- इस अध्याय में हम कांग्रेस और उनके समक्ष उत्पन्न चुनौतियों के बारे में ज्ञान प्राप्त करेंगे।
- आजादी के उपरांत 1964 ईस्वी तक कांग्रेस निर्विवाद रूप से एक पार्टी के रूप में कायम रहा। लेकिन 1964 में जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के उपरांत कांग्रेस के समक्ष अनेक परिस्थितियां उत्पन्न हुई।

**नेहरू की मृत्यु के उपरांत कांग्रेस के समक्ष चुनौतियां।**

- 1960 के दशक में गरीबी, सांप्रदायिकता, गैर बराबरी, क्षेत्रीय विभाजन जैसे सवाल खड़े थे।
- कांग्रेस के अंदर नया नेतृत्व को लेकर समस्या।
- विश्व के नव स्वतंत्र देशों की तरह उत्तराधिकार को लेकर राजनीति में सेना की भूमिका को लेकर सवाल।
- लोकतांत्रिक ढंग से पार्टी नेतृत्व का चुनाव होगा या नहीं।

**लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व।**

- अपनी सादगी, सिद्धांत और निष्ठा के लिए प्रसिद्ध।
- इसके चरित्र को लेकर पार्टी में कभी कोई विवाद नहीं।
- तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष के -कमराजन ने पार्टी नेताओं से विचार-विमर्श किया।
- लाल बहादुर शास्त्री निर्विरोध कांग्रेस संसदीय दल के नेता चुने गए ।
- लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 1904 में एवं मृत्यु 1966 में ताशकंद में हुई थी।

© JCERT not to be republished

**शास्त्री के समक्ष 1964-1966 के बीच चुनौतियां**

- 1962 में भारत चीन युद्ध से उत्पन्न समस्या।
- 1965 का भारत-पाकिस्तान युद्ध।
- खाद्यन्न- संकट।
- मानसून की असफलता।
- गरीबी एवं बेरोजगारी।
- शरणार्थियों की समस्या।
- जय जवान जय किसान का नारा दिया गया।

**शास्त्री जी के मृत्यु के उपरांत पार्टी नेतृत्व की समस्या**

- पार्टी के अंदर गुटों का निर्माण।
- इंदिरा गांधी जवाहरलाल नेहरु की बेटी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री का कार्य कर चुकी थी, पार्टी के अध्यक्ष भी रही थी।
- मोरारजी देसाई केंद्रीय मंत्रिमंडल में पद पर आसीन, मुंबई प्रांत के मुख्यमंत्री।
- प्रभावशाली नेताओं की महत्वाकांक्षा, सर्व सहमति कायम नहीं हो सकी।
- गुप्त मतदान हुआ।
- इंदिरा गांधी संसदीय दल की नेता चुनी गई।

© JCERT not to be republished

**इंदिरा गांधी के समक्ष चुनौतियां**

- 1967 का आम चुनाव।
- मानसून की असफलता
- उत्पादन में कमी, गंभीर खाद्यान्न की समस्या।
- बढ़ती बेरोजगारी।
- आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि।
- औद्योगिक उत्पादन एवं निर्यात में कमी।
- सैनिक खर्च में वृद्धि।
- जनता का हड़ताल एवं उग्र आंदोलन।
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में किसान विद्रोह।
- विदेशी मुद्रा भंडार में कमी।
- विपक्षी दलों का चुनावी गठबंधन।
- शरणार्थियों की समस्या।
- देश में सांप्रदायिक दंगे।

**इंदिरा गांधी द्वारा किए गए कार्य**

- सत्ता संघर्ष को विचारात्मक संघर्ष में परिवर्तन।
- बैंकों का राष्ट्रीयकरण।
- भूमि सुधार।
- गरीबी हटाओ का नारा।
- जीवन बीमा का राष्ट्रीयकरण।
- सरकार की नीतियों में जनकल्याण की भावना को जोड़ना।
- जन वितरण प्रणाली को लागू करना।
- ग्रामीण गरीबों को घर के लिए भूमि उपलब्ध कराना।
- विपक्ष को रास्ते से हटाना।

© JCERT not to be republished

## बहुविकल्पी प्रश्न

1. इंदिरा गांधी की मृत्यु कब हुई थी?

a. 1984 b. 1964

c. 1930 d. 1942

2. भारत में प्रथम आम चुनाव कब हुआ था?

a. 1942 b. 1952

c. 1964 d. 1967

3. इंदिरा गांधी ने गुप्त मतदान के आधार पर किस नेता को संसदीय दल के नेता के रूप में हराया था?

a. गुलजारी लाल नंदा

b. लाल बहादुर शास्त्री

c. मोराजी देसाई

d. देवीलाल

4. भारत के प्रथम प्रधानमंत्री कौन थे?

a. इंदिरा गांधी

b. राजीव गांधी

c. जवाहरलाल नेहरू

d. महात्मा गांधी

5. भारत पाकिस्तान युद्ध कब हुआ था?

a. 1965 b. 1962

c. 1942 d. 1920

## लघु उत्तरीय प्रश्न

1. सिंडिकेट क्या है वर्णन कीजिए?
2. लाल बहादुर शास्त्री के जीवन एवं चरित्र का वर्णन कीजिए?
3. भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय उत्पन्न परिस्थितियों का वर्णन कीजिए?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. इंदिरा गांधी के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों का वर्णन कीजिए?
2. 1967 के चुनाव में कांग्रेस की पुर्नस्थापना किस प्रकार हुई। वर्णन कीजिए?

© JCERT not to be republished